हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरुवार 14 मार्च 2024

11 युवा संसद कार्यक्रम में छात्रों ने रखे अपने विचार



12 कंप्यूटर के पेपर के साथ 10वीं की परीक्षा संपन्न





# सफेद लक्ष्मण रेखा को लांघ रही अवैध पार्किंग, कार्रवाई की चेतावनी भी बेअसर

## यातायात समन्वयक बोले, दुकानदारों और लोगों को व्यवस्था बनाने में सहयोग करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग की समस्या से निजात पाने के लिए नगर परिषद की ओर से शहर के बाजारों में सफेद लक्ष्मण रेखा खींची गई थी। इसके बावजूद बहुत से लोग जागरूक नहीं हो रहे। सफेद पट्टी से बाहर वाहन खड़े किए जा रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी बेअसर साबित हो रही है।

■ अतिक्रमण के चलते बाजारों में अव्यवस्था हावी हो जाती

दरअसल, बहादुरगढ़ के बाजारों में अतिक्रमण की समस्या गहराई रहती है। बहुत से दुकानदार अपना सामान सड़क पर रख देते हैं तो बाजार में आने वाले लोग भी बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े कर देते हैं। अतिक्रमण के चलते बाजारों में अव्यवस्था हावी हो जाती है। विशेषकर रेलवे रोड, नाहरा-नाहरी रोड और मेन बाजार में हालात बिगड़ जाते हैं। अतिक्रमण और भीड़भाड़ के कारण पैदल राहगीरों को भी आने-जाने में परेशानी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर परिषद की ओर से रेलवे रोड और मेन बाजार आदि में दोनों तरफ सफेद पट्टी बनवाई गई।

दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि यदि इस पट्टी के बाहर कोई समान रखता है या रेहड़ी-फड़ आदि लगाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं पट्टी के बाहर वाहन खड़े करने पर ट्रैफिक पुलिस एक्शन लेगी। लेकिन इस व्यवस्था का कुछ असर देखने को नहीं मिल रहा है। वाहन चालक भी इसकी गंभीरता नहीं समझ रहे। बाजारों में सफेद पट्टी के बाहर वाहन खड़े दिख रहे हैं।

मेन बाजार में भी यह नजारा देखने को मिला। वहीं रेलवे रोड पर भी यही हालात थे। यातायात समन्वयक सत्यप्रकाश का कहना है कि दुकानदारों और लोगों को व्यवस्था बनाने में सहयोग देना चाहिए। सभी लोग नियमों का पालन करें, सफेद पट्टी से बाहर सामान या वाहन खड़ा करें। यदि कोई इस नियम का पालन नहीं करता है तो फिर प्रशासन सख्ती करेगा।





बहादुरगढ़। मेन बाजार में सफेद पट्टी के बाहर खड़े वाहन,रेलवे रोड पर सफेद पट्टी के बाहर खड़े वाहन। पोटो : हरिभूमि

# ड्यूटी में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : पुलिस आयुक्त



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार को पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने जिले के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों, अपराध जांच शाखा झज्जर व बहादुरगढ़ के प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में जिले में आपराधिक गतिविधियों को रोकने व अपराधियों को पकड़ने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायत अथवा मामला बिना किसी कार्यवाई के लंबित पाए जाने पर संबंधित जिम्मेवार पुलिस कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थाना-चौकी में आए शिकायतकर्ता के साथ सम्मान पूर्वक सहयोग करने तथा उसकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोस्ट वांटेड अपराधियों , बेल जंपर , पैरोल जंपर तथा उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा नशीले पदार्थों की तस्करी के अवैध धंधे की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए जाए। वहीं महिला विरुद्ध अपराधों की सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन, डीसीपी मयंक मिश्रा, एसीपी शुभम सिंह व एसीपी अनिल कुमार, एसीपी शमशेर सिंह, एसीपी प्रदीप कुमार, एसीपी धर्मवीर सिंह, एसीपी अखिल कुमार, एसीपी गुलाब सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बाइक-गाड़ी चुराने वाले दो गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस टीमों ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर थाना पुलिस ने पंकज निवासी बुपनिया को गिरफ्तार करते हुए चुराई गई सेंट्रो गाड़ी बरामद की है। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने यूपी निवासी नंदकिशोर चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए सांपला से दिल्ली जाते समय काबू किया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया है।

### आधार कार्ड अपडेट करवाने की अंतिम तिथि आज

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और आठ से दस वर्ष पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वीरवार यानि 14 मार्च तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता है। आधार कार्ड को अपडेट करने के कार्य धारक स्वयं भी माईआधारडॉटयूआईडीएआईडॉटज ीओवीडॉटइन वेबसाइट पर जाकर कर सकता है। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है।

### जजपाइयों ने किया दुष्यंत का स्वागत



बहादुरगढ़।जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला पार्षद संजय दलाल के नेतृत्व में केएमपी के निकट पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का स्वागत किया। दरअसल, दुष्यंत दिल्ली से हिसार की ओर जा रहे थे। रास्ते में संजय दलाल, दिलबाग सिंह, धर्मवीर फौजी, पार्षद संदीप अहलावत, राजू दलाल, सुभाष बागड़ी, पप्पू दलाल, अमर सिंह, विनोद जून, संजय जून, लवप्रीत दलाल, अजय दलाल, धर्मेंद्र दलाल, मंदीप, उधम सिंह, गगन सांगवान, सतपाल दलाल, ऋतिक व प्रियांशु अहलावत आदि ने दुष्यंत का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल के सिपाही भाजपा के धोखे से नहीं घबराएंगे। स्वागत के बाद जजपा कार्यकर्ता भी दुष्यंत के साथ हिसार रैली में भाग लेने के लिए रवाना हो गए।

### बाइक चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने डीएलएफ कॉलोनी से हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि 11 मार्च को वरुण ने अपनी मोटरसाइकिल को अपने घर के सामने खडी की थी। करीब 1 बजे वरुण को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। अज्ञात युवक वरुण की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान आरोपी हरभजन व मोहित निवासी कैलाश कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है।

# बाबा मस्तनाथ विवि का सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. श्रीभगवान ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। डॉ. श्रीभगवान ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य -स्वयं से पहले आप वसुधैव कुटुम्बकम का सार बताता है। निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता का समर्थन करता है कि हम दूसरे के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बनें तथा प्राणी मात्र के लिये सहानुभूति रखें। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सेवा के माध्यम से शिक्षा एवं स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना हैं। एनएसएस की वैचारिक उन्मुखता महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित है। देश की सेवा में युवाओं की भागीदारी ज़रूरी है, ऐसा उनका कहना था। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. प्रीति एवं डॉ. मंजीत ने डॉ. श्रीभगवान का स्वागत किया। डॉ. प्रमिला ने स्वागत भाषण तथा डॉ. मंजीत ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।




बहादुरगढ़। विकलांगता को लेकर जागरुकता फैलाते विशेष अध्यापक।

# विकलांगता को लेकर किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बुधवार को मिश्री देवी पुनर्वास केंद्र पर विकलांगता निवारण जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विशेष शिक्षकों व स्थानीय निवासियों ने भाग लेते हुए अपने-अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य रिंकू दहिया ने बताया कि विकलांगता अभिशाप नहीं है। दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं को हमें समाज का हिस्सा समझ कर पूरा सहयोग-सम्मान देना चाहिए। प्रशिक्षकों, अध्यापकों तथा स्थानीय लोगों ने जनजागरण अभियान चलाया तथा सामूहिक रूप से शपथ ली कि दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए कार्य करते रहेंगे। समाज में सभी को सम्मान के साथ जीने का अधिकार है।

# डीसीपी ने लघु सचिवालय के प्रांगण में लगाई त्रिवेणी

## आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डीसीपी मयंक मिश्रा ने बहादुरगढ़ लघु सचिवालय के प्रांगण में त्रिवेणी लगाकर आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उनके असार वातावरण स्वच्छता का सीधा संबंध पेड़ पौधों से हैं। आजकल पेड़ पौधे बहुत कम होते जा रहे हैं। आने वाली पीढ़ी को प्राकृतिक संसाधनों की अमूल्य सौगात देने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने होंगे। मानव का जीवन ही वृक्षों पर आधारित है। उन्होंने सभी से मानव जीवन के अस्तित्व के लिए तथा प्रकृति को फिर से हरा-भरा करने के लिए पौधारोपण व उनका संरक्षण करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर यातायात प्रभारी नरेश संधू व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

■ प्रकृति को फिर से हरा-भरा करने के लिए पौधरोपण व उनका संरक्षण करना बहुत जरूरी



बहादुरगढ़। लघु सचिवालय में त्रिवेणी लगाते डीसीपी मयंक मिश्रा। पोटो : हरिभूमि

### घर में घुस कर मारपीट करने का आरोप

**झज्जर :** क्षेत्र के गांव दूबलधन में रात को घर में घुस कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में दूबलधन गांव निवासी ओमबीर पुत्र प्रकाश ने बताया कि वह जब मंगलवार की रात्रि अपने घर में सो रहा था तो करीब साढे.ग्यारह बजे उसे झगडे. का शोर सुनाई दिया। जब वह घर से बाहर आया तो उसने देखा कि उसके घर के बाहर एक गाड़ी थी। गांव के सोमबीर, कृष्ण, हरीश और प्रमिला ने उसके पिता पर डंडों से हमला बोल दिया। उसने अपने पिता को छुड़वाया तो वे जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। उसके बाद वह अपने पिता को उपचार के लिए बेरी अस्पताल ले गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसके पिता को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

# धूम्रपान के विरुद्ध किया जागरुक




बहादुरगढ़। धूम्रपान के विरुद्ध बनाए पोस्टर दिखाती स्वयंसेविकाएं। पोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर द्वारा तंबाकू सेवन व तंबाकू उत्पादन के सेवन से बचने के लिए जागरूकता फैलाई। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने कहा कि हर वर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस यानी नो स्मोकिंग डे मनाया जाता है। इस बार की थीम बच्चों को तंबाकू प्रोडक्ट्स से बचाना है। उनके अनुसार आज की दुनिया में धूम्रपान जैसी आम समस्या से युवा वर्ग अछूता नहीं है। बहुत से लोग तनाव, व्यक्तिगत मुद्दों और अन्य कारणों से इस आदत को अपना लेते हैं।



बहादुरगढ़। आयोजकों से सम्मान प्राप्त करते डॉ. जेके डागर। पोटो : हरिभूमि

### साहित्यकार डागर को किया सम्मानित

बहादुरगढ़। दिल्ली के मयूर विहार में इंडिया नेट बुक्स के द्वारा साहित्यकारों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें भारत सहित 12 देशों के साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। बहादुरगढ़ के डॉ जेके डागर तथा रोहतक से पंडित हरनाम शर्मा को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विदित है कि डॉ जेके डागर अंतरराष्ट्रीय लेखक और मोटीवेटर हैं। वे अब तक 40 से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं। वे बहादुरगढ़ के सरकारी स्कूल व रोहतक कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करने के बाद भारत सरकार के श्रम मंत्रालय में निदेशक के पद से रिटायर्ड हो चुके हैं।



बहादुरगढ़। नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ आयोजक।

### एकल नृत्य में प्रथम रही अंजलि

बहादुरगढ़। शहर के राजकीय महाविद्यालय में परफॉर्मिंग आर्ट्स क्लब सोसाइटी द्वारा आयोजित एकल नृत्य प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज उप-प्राचार्या डॉ सुमन हुड्डा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अनूप, प्रो. रीना और प्रो. हीरा ने निभाई। एकल नृत्य प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम, इशिका ने द्वितीय व अंजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रोफेसर अनुराधा सभरवाल की देखरेख में हुआ। आयोजन में विद्यार्थी परिषद की एकता, आयुष, चिराग, वंदना व साहिल का योगदान भी रहा।

**प्रशिक्षण** मेडिकल ऑफिसर्ज को सांप के काटे जाने पर उपचार करने की ट्रेनिंग कराई गई

# सांप के काटने पर रखें हौसला, घबराएं नहीं : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को जिले भर के मेडिकल ऑफिसर्ज को सांप के काटे जाने पर उपचार करने की ट्रेनिंग कराई गई। ट्रेनिंग के दौरान सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने कहा कि किसी भी मौसम में सांप का निकला कोई बड़ी बात नहीं होती। सांप को देखकर हम अक्सर घबरा जाते हैं लेकिन ऐसे समय में घबराना नहीं चाहिए बल्कि हौसला बनाए रखना चाहिए। संभव हो तो सांप का फोटो खींच लें। ऐसा करने से डॉक्टर से सांप काटने का इलाज करने में आसानी होगी। क्योंकि सांप काटने का इलाज अक्सर सांप के एंटीवेनम से ही होता है। ज्वैलरी या घड़ी अगर सांप काटने वाले स्थान पर हैं या उसके आस-पास हैं तो तुरंत उतार देना चाहिए।

■ सांप को देखकर हम अक्सर घबरा जाते हैं




झज्जर। ट्रेनिंग के दौरान मेडिकल ऑफिसर्ज को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह।

### पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाएं

उन्होंने कहा कि सांप के काटे गए मरीज को कभी भी डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा नहीं देनी चाहिए। घाव दिल के ऊपरी हिस्से में है तो इसे काटे नहीं और ना ही जहर बाहर निकालने के लिए इसे चूसने की कोशिश करें। घाव पर बर्फ या कुछ और न रखें, कैफीनयुक्त या अल्कोहल पीने या खाने को न दें, पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल ले जाएं। बैठक में जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# तर्क-वितर्क में प्रथम रही अंबिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की राजकीय महाविद्यालय में वाद-विवाद समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों ने बोलने के कौशल का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता दोनों भाषाओं में कराई गई। अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय क्या क्रेडिट कार्ड लाभदायक है या हानिकारक। इसमें प्रथम स्थान अंबिका, द्वितीय स्थान हर्षित और तृतीय स्थान छवि ने प्राप्त किया। हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय क्या भारत में मृत्युदंड को समाप्त कर देना चाहिए। जिसमें प्रथम स्थान अंबिका ने, द्वितीय स्थान आकाश ने और तृतीय स्थान छवि और वंदना ने प्राप्त किया। उप प्राचार्य डॉक्टर सुमन हुड्डा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर जागृति, प्रोफेसर कविता और डॉक्टर शशि ने निभाई। यह आयोजन प्रोफेसर अनुराधा की देखरेख में हुआ। छात्र परिषद के धीरज जून की टीम ने इसमें सहयोग किया।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में तर्क-वितर्क करते छात्र-छात्राएं।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी को बधाई देते जसबीर सैनी व रामकंवार सैनी।

### नायब को सीएम बनने पर दी बधाई

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता रामकंवार सैनी तथा जसबीर सैनी ने हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। उनके अनुसार भाजपा नेतृत्व के इस फैसले से प्रदेश के सभी वर्गों में खुशी का माहौल है। इस मौके पर संजय सैनी, सुभाष शर्मा, राजबीर सैनी, जीवन सैनी, राजेश सैनी व कृष्ण सैनी आदि मौजूद थे।

### कौशिक व वर्मा ने दी नायब को बधाई

**बहादुरगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री बने नायब सैनी का पूर्व विधायक नरेश कौशिक और भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर वर्मा ने अभिनंदन किया और उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। कौशिक ने कहा कि करीब साढ़े 9 साल मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए प्रदेश को सुशासन दिया और अब नायब सरकार हरियाणा में विकास कार्यों को आगे बढ़ाएगी। सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

### राठी के दफ्तर पर बांटे लड्डू

**बहादुरगढ़।** नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी के कार्यालय पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई। चेयरपर्सन सरोज राठी ने नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी जताते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति व परिवार को मिलेगा। इस मौके पर पार्षद राजेश तंवर, भरत सिंह छिल्लर, मनमोहित गुम्ता, सुमित बराही, मुकेश भारद्वाज, संजय राठी, नरेंद्र लठवाल, मुकेश जून, जगबीर रुहिल, संदीप, नवीन ज्ञानेंद्र, सतपाल आदि मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय दुजाना में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ आगाज

# साइबर सिक्योरिटी व डिजिटलाइजेशन के बारे में दी आवश्यक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में एनएसएस इकाईयों द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरूआत की गई। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य नसीब ने मां सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों को विभिन्न कौशल जैसे नेतृत्व, संचार, टीमवर्क तथा समस्याओं को हल करने के लिए तैयार करता है।

वाणिज्य विभाग, कंप्यूटर विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित इस शिविर में रिर्जव बैंक ऑफ इंडिया के असिस्टेंट जनरल मैनेजर विनोद कुमार ने स्वयंसेवियों को साइबर सिक्योरिटी व डिजिटलाइजेशन के बारे आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा के नेटवर्क और प्रोग्राम के डिजिटल हमलों तथा उनसे होने वाले नुकसान तथा उनसे बचने के उपायों के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सजनी देवी, डॉक्टर नरेंद्र दहिया, डॉक्टर सुनीता छिक्कारा, डॉक्टर सिल्की जैन, जितेंद्र सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। शिविर में स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### निबंध लेखन में उमा और कोलाज स्पर्धा में नमय ने पाया पहला स्थान

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग में निबंध लेखन और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया, प्राध्यापक डॉक्टर ललित कुमार, प्राध्यापिका सुनीता बेनीवाल और एक्सटेंशन लेक्चरर राजमल ने किया। पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा उमा ने पहला, बीए तृतीय वर्ष के छात्र नमय ने दूसरा तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोलाज मेकिंग बीए तृतीय वर्ष के छात्र नमय ने पहला, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा वर्षा ने दूसरा और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# युवा संसद कार्यक्रम में छात्रों ने रखे अपने विचार


झज्जर। युवा संसद कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

- कार्यक्रम में 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नेहरू युवा केंद्र, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा बुधवार को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीजेएम अरविंद कुमार बंसल ने बतौर मुख्यातिथि जबकि जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना व पुलिस उपाधीक्षक शमशेर सिंह दहिया ने भी विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंच संचालन अंकित मलिक द्वारा किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग से उमेश सरोज ने बताया कि कार्यक्रम में जहां माय भारत पोर्टल पंजीकरण एवं ब्रीफिंग व इसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई। वहीं सूत्र-2 एवं सूत्र-3 में नया भारत नई पहल व हाल के वर्षों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां, नारी शक्ति, पीएम गति शक्ति, वोकल फोर लोकल जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए युवाओं ने अपने विचार रखें। जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक ने उपस्थित युवाओं को यूथ पार्लियामेंट में युवाओं के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही अलग-अलग योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर मंजीत, अमित, डॉक्टर काजल, प्रिया, राहुल, विकास धनखड़, हिमांशी, जितेंद्र, रचना, अंजू, पायल, हर्षिता, मोनिका, निशा व नीति सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# नायब सिंह सैनी के सीएम बनने पर बांटी मिठाइयां

- लड्डू बांटकर और ढोल की थाप पर नाचते हुए खुशी का इजहार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर सैनी समाज और भाजपाईयों द्वारा शहर के अंबेडकर चौक पर लड्डू बांटकर और ढोल की थाप पर नाचते हुए खुशी का इजहार किया। इस दौरान जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष केशव सिंगल, डॉक्टर राकेश कुमार, सुनीता चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोमवती जाखड़, विनीत पोपली, सज्जन गुर्जर, वर्षा यादव, सुशीला लांबा, कमलेश अत्री, अत्तर सिंह यादव, जगदीश गेरा, राजीव दहिया सहित अन्य भी मौजूद रहे। जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने नायब सिंह सैनी को सीएम बनाए जाने पर केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार भी जताया।


झज्जर। शहर के अंबेडकर चौक पर जश्न मनाते हुए भाजपाई। फोटो :हरिभूमि

### विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए युवा बनवाएं वोट

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही देश के लोकसभा चुनाव आने वाला है और आचार संहिता लागू होते ही समूचा देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का आगाज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की उम्र पार कर चुके युवा अपना वोट अवश्य बनवाएं।



# विद्यार्थियों को दिलाई अपने मत का प्रयोग करने की शपथ

- देश के विकास और इसकी मजबूती में उनके मत का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में बुधवार को मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह आर्य ने की। मतदाता क्लब संयोजक राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय कुलाना के राजनीति विज्ञान प्राध्यापक राजेंद्र कुमार ने शिरकत की। उन्होंने 2024 में पहली बार मतदाता के रूप में अपने मत का प्रयोग करने वाले विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देश के विकास और इसकी मजबूती में उनके मत का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को घर में या अपने आस-पड़ौस के युवाओं जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उनका मत बनवाने व उन्हें जागरुक करने के लिए भी प्रेरित किया।


झज्जर। विद्यार्थियों को मतदान करने संबंधी शपथ दिलाते हुए प्राध्यापक राजेंद्र कुमार।



झज्जर। विजेता खिलाड़ियों के साथ कोच हितेश देशवाल। फोटो :हरिभूमि

# हेमंत सांगवान ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुढ़वा के शहर माउंटेनेग्रो में चल रहे यूथ वर्ल्ड कप में जिले के दो मुक्केबाजों ने पदक जीत कर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 3 से 11 मार्च तक चली प्रतियोगिता में उनके खिलाड़ी हेमंत सांगवान ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल तथा सागर जाखड़.ने 60 किलोग्राम भारवर्ग में ब्रांज मेडल हासिल करते हुए भारतीय टीम को द्वितीय ट्रॉफी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पीएम सूरज पोर्टल वंचित समुदायों का जीवन करेगा रोशन : डीसी


झज्जर। कार्यक्रम में लाभार्थियों को सम्मानित करते डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वंचित समुदायों के उत्थान के लिए आरंभ किए गए पीएम-सूरज पोर्टल के लॉन्च कार्यक्रम का जिला सभागार में वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया गया। सूरज पोर्टल के लॉन्चिंग कार्यक्रम को डीसी कैप्टन शक्ति सिंह व एडीसी सलोनी शर्मा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ ऑनलाइन देखा। डीसी ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में एफएसडीसी, एनबीसीएफडीसी सहित अन्य सरकारी विभाग द्वारा अनेक ऋण सुविधाएं दी जा रहीं हैं जिनका लाभ लेकर लोग स्वरोजगार हासिल कर जीवन को आसान बना रहे हैं। कार्यक्रम से पूर्व विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट, आयुष्मान कार्ड व पीपीई किट देकर सम्मानित किया।

### वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**झज्जर।** भारतीय रिजर्व बैंक चंडीगढ़ कार्यालय द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को क्षेत्र के गांव दुजाना में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक विनोद कुमार ने मौजूदा लोगों को बैंक अकाउंट, सेविंग, निवेश, बीमा व पेंशन बारे जानकारी देते हुए डिजिटल लेनदेन के साधन जैसे मोबाइल एप्लीकेशन, यूपीआई, आरटीजीएस, एनईएफटी व सीबीडीसी से अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के तरीके भी लोगों के साथ सांझा किए। इस दौरान लोगों में भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बीअवेयर नामक पुस्तिका का वितरण भी किया। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक बरिंदर, आरसेटी निदेशक सुरेंदर कुमार खनगवाल ने भी आरसेटी द्वारा चलाए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया।

# एमआर स्मार्ट वर्ल्ड प्री स्कूल में स्वास्थ्य जांचा


झज्जर। शिविर के दौरान विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच करते हुए चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एमआर स्मार्ट वर्ल्ड प्री स्कूल में बुधवार को आयोजित अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन के दौरान नौनिहालों के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। अभिभावकों ने उत्साह के साथ स्कूल पहुंच कर अपने बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट ली। विद्यालय निदेशिका संगीता कोडान ने विद्यार्थियों का बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर अभिभावकों व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें डॉक्टर रोहित व डॉक्टर तरुण द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। विद्यालय प्रमुख आदर्श मिश्रा ने अभिभावकों को नए सत्र के लिए कक्षाओं एवं विद्यालय में दी जाने वाली नई सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराया।

## बाबा कांशीगिरी मंदिर में 192वां श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन

# युग युग से मां शेरावाली तार रही है दुनिया को..

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी मंदिर में 192वां श्री सुंदरकांड पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन देवेश शर्मा, भारत भूषण नंदा, दिनेश दुजाना, ताराचंद भूटानी, डॉक्टर धर्मराज यादव, सुधांशु हंस, सुनील चुघ, सतीश वर्मा, सुषमा तनेजा, सुरेश गाबा, उर्मिला तनेजा, विशन वधवा, संतोष शर्मा, हर्षिता काठपालिया, प्रिया तनेजा, किरण शर्मा, सृष्टि रंजन, सोनिया मल्होत्रा, नीलम गाबा, उमा गुलाटी, राधिका गंभीरिया, भावना काठपालिया, अनिल छाबड़ा, हर्ष चावला, संतोष हंस सहित अन्य श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। वहीं दिनेश दुजाना, ताराचंद भूटानी, देवेश शर्मा, योगेश रंजन ने भजनों की प्रस्तुति भी दी। राजेंद्र वधवा ने रख के मन में विश्वास, नाम मैया का ले ले, तेरे काम आएगा, टूटे ना आस,चल चला चल ओ भगताचल चला चल, युग युग से मां शेरावाली, तार रही है दुनिया को....दिनेश दुजाना ने दुनिया बनाने वाले, क्या तेरे मन में समाई काहे को दुनिया बनाई...भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

इस मौके पर वेद बहल पाशु, हिमांशु हंस, वीके शर्मा, पदम खट्टर, निखिल सलूजा, वेद खत्री, रुद्र कौशिक, प्रदीप काठपालिया, कृष्ण लाल मदान, मुकेश मिस्त्री, सुभाष वर्मा, आनंद कुमार, रमेश लखेरा, टोनी सैन, दिपांशु छाबड़ा, सक्षम वर्मा, मनोज गुप्ता, बंटी खत्री, हेमंत वर्मा, जय प्रकाश गुप्ता, नितिन कुमार, वंशू वर्मा सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

- भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया



झज्जर। होनहार खिलाड़ी स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### सवेरा स्कूल के विद्यार्थियों ने स्पेशल ओलंपिक भारत प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** सवेरा स्कूल के बच्चों ने स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता दौलताबाद स्टेडियम गुरुग्राम में आयोजित की गई। सवेरा स्कूल के बच्चों ने इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को दिखाया। प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न इवेंट्स में दो किलोमीटर में अंकित ने गोल्ड मेडल रवि ने सिल्वर मेडल, दस किलोमीटर में दीपक ने सिल्वर मेडल एवं पांच किलोमीटर में जतिन ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर हरियाणा राज्य में जिला झज्जर का नाम रोशन किया। सवेरा स्कूल के अध्यापकों द्वारा इन बच्चों के साथ की गई मेहनत का यह परिणाम रहा। स्कूल के खेल इंचार्ज नविता और अजीत सिंह ने बताया कि इन बच्चों में कुछ बच्चे ऐसे हैं जो कुछ टाइम पहले तक साईकिल पकड़ना भी नहीं जानते थे आज इन बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए मेडल प्राप्त किए हैं जो इन बच्चों के शारीरिक मानसिक सामाजिक विकास को दर्शाता है।

### भाजयुमो ने भी लड्डू बांटे

**बहादुरगढ़।** सांसद नायबे सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष शेखर यादव ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, संजीव सैनी, ऋषि भारद्वाज, जितेंद्र नरवाल, युद्धवीर चेयरमैन, दिनेश शेखावत, परमिंदर जांगड़ा व विनोद यादव आदि मौजूद रहे। सभी ने सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

**NOTICE**

I, Aruna D/o Rajbir R/o Village Dujana, Tehsil Beri, Distt. Jhajjar (HR.) declare the in my matriculation marksheet/cartificate the name of my father is mentioned as Rajbiir, which in incrorrect. I want rectify the name of my father as Rajbir as per my Aadhar card and other relevant documents instead of Rajbiir, in my school and other record.

## खबर संक्षेप

### फोन व पर्स छीनने वाला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 पुलिस चौकी के एरिया में बीते दिनों एक महिला के साथ छीना झपटी की वारदात हुई थी। पुलिस ने एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जांच में शामिल किया गया। पीड़ित महिला पुराना बस अड्डा से पैदल दलबीर नगर की तरफ जा रही थी। एक स्कूटी सवार पीछे से आया और उसके हाथ से पर्स को छीनकर मौके से फरार हो गया। उसमें कुछ नगदी और तीन मोबाइल फोन थे। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर वैभव उर्फ विक्की की निशान देही पर छीने गए तीन मोबाइल फोन बरामद किए। शामिल जांच के बाद उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### सोलर पंप की मोटरें व तारें चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव कुलासी में पांच खेतों में लगी सोलर प्लेट, मोटर व तारें आदि चुरा ली गई हैं। गांव के निवासी जोगेंद्र सोमवार सुबह करीब 7 बजे अपने खेत में पहुंचे तो वहां लगे सोलर पंप की मोटर, प्लेटों व मोटर की तार गायब थी। इसके अलावा उसके पड़ोसी वेद प्रकाश, रामनिवास, उमेद और सुमन के खेतों में लगी सोलर प्लेट, मोटर व तार भी चोरी हो गई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 379 के तहत अभियोग अंकित किया है।

### अवैध हथियार सप्लायर सहित दो आरोपी पकड़े

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सप्लायर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी सोमबीर ने बताया कि पुलिस की एक टीम शहर के कोसली मोड पर गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान शक की बिनाह पर एक युवक को पकड़ा गया। पकड़े गए युवक की मौके पर तलाशी लेने पर उसे कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान राहुल निवासी भापडौदा के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी साहिल निवासी भापडोदा को सापंला रोड छोटा बाईपास के नजदीक से पकड़ा गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## हत्यारे अतुल व नकुल की गिरफ्तारी के लिए खाक छान रही पुलिस

# नफे सिंह हत्याकांड में कड़ियों को जोड़ने में जुटी पुलिस, हत्या की वजह भी बनी पहेली

हत्यारों का एक मददगार भी सलाखों के पीछे जा चुका है, लेकिन इनेलो प्रदेशाध्यक्ष की हत्या की वजह अभी भी पहेली बनी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रदेश के कद्दावर राजनेताओं में शामिल नफे सिंह राठी की हत्या को 18 दिन बीत चुके हैं। लेकिन पुलिस इस वारदात की वजह तक पहुंचने में असफल साबित हुई है। परिजनों पर भी खतरा बरकरार है। वहीं क्षेत्र का हर नागरिक उनके असल कातिलों की जानकारी हासिल करने को उत्सुक है। बावजूद इसके पुलिस की जांच कछुआ रफ्तार से आगे बढ़ रही है। हालांकि उन्हें गोली मारने वालों में से दो आरोपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। हत्यारों का एक मददगार भी सलाखों के पीछे जा चुका है, लेकिन इनेलो प्रदेशाध्यक्ष की हत्या की वजह अभी भी पहेली बनी हुई है।


नफे सिंह राठी

बता दें कि पूर्व विधायक नफे सिंह राठी रविवार 25 फरवरी की शाम को आसौदा से बराही के रास्ते बहादुरगढ़ लौट रहे थे। सांखोल के निकट स्थित रेलवे फाटक पर करीब पांच बजकर दस मिनट पर चार बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी। इस हमले में नफे सिंह राठी, उनके साथी जयकिशन दलाल, निजी सुरक्षाकर्मी संजीत व गाड़ी चला रहे भांजे संजय जख्मी हो गए। उन्हें ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में लाया गया। जहां नफे सिंह राठी और जयकिशन को मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने घायल संजय के बयान के आधार पर अज्ञात हमलावरों के साथ ही पूर्व विधायक नरेश कौशिक, पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, कर्मवीर के पुत्र कमल राठी, चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी, पूर्व मंत्री मांगेराम के पुत्र शतीश नंबरदार, पौत्र गौरव व राहुल राठी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 307, 147, 148, 149 व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया। इसके अगले दिन पूर्व चेयरपर्सन शीला राठी के पति बिजेंद्र राठी, पुत्र संदीप राठी तथा वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा का नाम भी एफआईआर में जुड़ गया।

पुलिस ने इस वारदात को सुलझाने के लिए डीएसपी की अगुवाई में एसआईटी गठित की। सीआईए व एसटीएफ के अलावा दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और स्पेशल सैल भी लगातार भागदौड़ कर रही हैं। जांच के दौरान मिली सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों के चेहरे बेनकाब हो गए। इनकी पहचान कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े अतुल, आशीष, नकुल व सौरव के रूप में हुई। हत्या के बाद इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट में ब्रिटेन बेस्ड गैंगस्टर नंदू ने ही नफे सिंह हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी।

### हमलावरों की गाड़ी रेवाड़ी की पार्किंग से बरामद

पुलिस के अनुसार वर्ष 2020 में एक महीने के पैरोल पर रिहा होने के बाद नंदू ने यूपी के बरेली से फर्जी पासपोर्ट बनवाया और थाईलैंड के रास्ते दुबई पहुंच गया। फिर वह ब्रिटेन जाकर बस गया। अब वहीं से अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है। चारों हत्यारों पर एक-एक लाख रुपये का ईनाम रखा गया है। हमलावरों की गाड़ी रेवाड़ी की पार्किंग से बरामद हुई। हत्यारे ट्रेन के जरिये नारनौल, अहमदाबाद और फिर मुंबई तक पहुंच गए। पुलिस ने आशीष और सचिन उर्फ सौरव नाम के दो शूटरों को गोवा से गिरफ्तार किया। चार में से दो हत्यारों को पकड़ने के अलावा पुलिस ने हत्यारों को गाड़ी उपलब्ध करवाने के आरोप में धर्मेंद्र निवासी बिजवासन दिल्ली को भी गिरफ्तार किया। उस पर भी मर्डर, जानलेवा हमला करने तथा अवैध रंगदारी आदि के मुकदमे दर्ज हैं। इन तीनों से रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने पूछताछ की और फिर अदालत के आदेशानुसार जेल भेज दिया। अब पुलिस आगे की कड़ी जोड़ने के साथ ही अतुल व नकुल की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।


बहादुरगढ़। परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते 10वीं कक्षा के परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

# कंप्यूटर के पेपर के साथ 10वीं की परीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- कंप्यूटर एप्लीकेशन, आईटी और एआई परीक्षा 2 घंटे के लिए हुई आयोजित

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा बुधवार को कंप्यूटी एप्लीकेशन के पेपर के साथ ही संपन्न हो गई। यह पेपर दो घंटे का था। जबकि अन्य पांच विषयों के पेपर 3 घंटे तक चले थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थी चहकते हुए परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले। उनके अनुसार पेपर आसान था और अब उन्हें परिणाम का इंतजार रहेगा।

जी हां, बुधवार को सीबीएसई की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं खत्म हो गई। बुधवार को 10वीं कक्षा का कंप्यूटर एप्लीकेशन, इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय की परीक्षा हुई। यह परीक्षा सुबह साढ़े 10 बजे शुरू हुई। कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा कुल 50 अंकों के लिए आयोजित की गई। कंप्यूटर एप्लीकेशन, आईटी और एआई परीक्षा 2 घंटे के लिए आयोजित की गई। दोपहर साढ़े 12 बजे पेपर समाप्त हो गया। जबकि हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की परीक्षाएं 80-80 नंबर की हुई और इसके लिए विद्यार्थियों को 3-3 घंटे दिए गए थे। सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लेकर पास होने की उम्मीद के साथ ही परीक्षार्थी अंतिम पेपर देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकले। उनके चेहरे पर परीक्षाएं समाप्त होने का सुकून साफ दिखाई दे रहा था।

# दुकान से चोरों ने हजारों रुपये की नकदी पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के कच्चा तलाव रोड स्थित चौधरी छोटूराम द्वार के नजदीक एक दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर दुकान का ताला तोड़ कर हजारों रुपये की नकदी चुरा ले गए। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। यहां पैकेट बंद दूध की डेयरी व पेय एवं खाद्य पदार्थों की दुकान चलाने वाले दुकान संचालक अशोक ने बताया कि उसकी दुकान पर कार्य करने वाला व्यक्ति दुकान खोलने पहुंचा तो उसे चोरी का पता चला। इसके बाद सूचना मिलने पर वह भी दुकान पर पहुंचा तो देखा कि उसकी दुकान के ताले टूटे हुए थे। जब उसने दुकान में रखे सामान का जायजा लिया तो पता चला कि उसकी दुकान के गल्ले में रखी बीस से बाइस हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई है। जब उसने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो उसमें सुबह करीब पौने तीन बजे बाइक सवार दो लोग उसकी दुकान के नजदीक रुकते है। उसके बाद चोर दुकान के शटर का ताला तोड़ कर दुकान में प्रवेश करते हैं तथा चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। इसके बाद डायल 112 पर पुलिस को सूचित किया गया।




झज्जर। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देता एक संदिग्ध व दुकान की दराज जहां से चोरी हुई नकदी। फोटो : हरिभूमि

*पुलिस की सुरक्षा पर सवालिया निशान :* दुकानदार का कहना है कि उसकी दुकान जहां स्थित है वहां से चंद कदमों की दूरी पर सिंचाई विभाग रेस्ट हाऊस है जहां वीआईपी लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा इसी रोड पर महिला थाना, नागरिक अस्पताल तथा अन्य निजी अस्पताल होने के कारण लोगों का आवागमन भी जारी रहता है। फिर भी इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया जा रहा है जो पुलिस की सुरक्षा पर सवालिया लगा रहे है।


झज्जर। अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद परिजन। फोटो : हरिभूमि

# किशोर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के एक गांव में एक किशोर ने फंदा का फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार को उसका शव उन्हीं के खेत में एक पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।

मामले के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि मृतक किशोर ने दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी तथा घर पर रहता था। मृतक की मां के बयानों के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

# राष्ट्रपति से मिले बीके संदीप व अन्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ब्रह्माकुमारीज युवा प्रभाग के 103 सदस्य दल ने राष्ट्रपति भवन में देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू से विशेष मुलाकात की। बैठक में ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निदेशिका बीके आशा दीदी, आरईआरएफ युवा प्रभाग की उपाध्यक्षा बीके चंद्रिका दीदी, युवा प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बीके कृति दीदी और मुख्यालय संयोजक बीके आत्मप्रकाश आदि सम्मिलित हुए।

इस 103 सदस्यों के दल में बहादुरगढ़ से बीके संदीप सहित भारत के विभिन्न राज्यों से आए युवा प्रभाग के सदस्य शामिल थे। बैठक के दौरान संस्था के युवा प्रभाव के द्वारा की जा रही सेवाओं की विभिन्न जानकारियां राष्ट्रपति के साथ सांझा की गई। राष्ट्रपति भवन के गोदावरी हाल में मीटिंग के दौरान युवा प्रभाग के कोर कमेटी मेंबर बीके अरुण ने विगत 40 वर्षों में युवा प्रभाग द्वारा की गई सेवाओं पर प्रकाश डाला। बीके वर्णिका ने आगामी सेवा योजनाओं के बारे में बताया। राष्ट्रपति ने युवा प्रभाग के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। युवाओं के बीच सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्य आधारित शिक्षाओं पर भी चर्चा हुई।


बहादुरगढ़। राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान बीके संदीप व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# वार्षिक परीक्षाओं के बाद शुरू किया जाएगा एडंलाइन सर्वे

**झज्जर।** राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों में शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार के लिए विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे है। विभाग द्वारा वार्षिक परीक्षाओं के बाद एडंलाइन सर्वे की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसमें ऐप के माध्यम से वालंटियर द्वारा विद्यार्थियों के टेस्ट लिए जाएंगे। जिससे पता चल पाएगा कि बच्चों ने कितना प्रोगेस किया है। एफएलएन के जिला संयोजक सुदर्शन पूनिया ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं के बाद एडंलाइन सर्वे करवाया जाएगा। गत वर्ष भी एडंलाइन सर्वे करवाया गया था। जिसमें झज्जर जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि अबकी बार जिले का लक्ष्य 60 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बुनियादी शिक्षा के एडंलाइन सर्वे के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। वॉलंटियर को बताया जा रहा है कि हमें बच्चों के बुनियादी स्तर पर काम करते रहने की आवश्कता है। जिससे पठन-पाठन प्रकिया को और सुचारू एवं रोचक बनाकर बुनियादी शिक्षा को और मजबूत किया जा सके।

*अप्रैल में किया जाएगा एंडलाइन सर्वे, अबकी 60 फीसदी विद्यार्थियों को निपुण बनाने का लक्ष्य :* एनएलएन जिला संयोजक सुदर्शन पूनिया ने बताया कि पिछले वर्ष जहां इस सर्वे में उनके जिले से 39 फीसदी से अधिक बच्चों ने निपुण श्रेणी में स्थान बनाया था अबकी बार उनका लक्ष्य साठ फीसदी विद्यार्थियों को निपुण बनाने का है। परीक्षाओं की समाप्ति के बाद जिले के प्राथमिक स्कूलों का रिजल्ट मंगवाया जाएगा तथा उसकी तुलना की जाएगी। इसके बाद कमजोर विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें निपुण बनाने पर फोकस किया जाएगा। सर्वे में सफलता हासिल करने के लिए ऐसे कमजोर विद्यार्थियों के पढ़ने व लिखने की क्षमता में सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा। खास बात यह है कि एंडलाइन सर्वे बाहर से आए वालिंटियर्स द्वारा किया जाएगा इसमें शिक्षा विभाग से किसी भी व्यक्ति को नहीं लिया जाएगा।

# खाटू के लिए रवाना हुए श्याम भक्त

**बहादुरगढ़।** फाल्गुनी मेले के अवसर पर खाटू धाम जाने वाली पैदल यात्रा बुधवार को झज्जर रोड से रवाना हुई। भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने बतौर मुख्य अतिथि श्याम प्रेमी संदीप राठी के सानिध्य में श्याम भक्तों को रवाना किया। अमन, जिले सिंह, रणबीर, नेतराम कौशिक, दीपक, सज्जन, निकू सुनार, सज्जन, हर्ष आदि श्याम बाबा का ध्वज लेकर खाटू धाम के लिए रवाना हुए। नवीन बंटी ने श्याम बाबा की आरती कर सभी की सुख व समृद्धि की कामना की। इस दौरान जय श्री श्याम के गगनभेदी जयकारे लगाए गए। श्रद्धालुओं को रवाना करते हुए नवीन ने कहा कि खाटू वाले श्याम सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वाले अपने भक्तों पर हमेशा अपना आशीर्वाद बनाए रखते हैं।


बहादुरगढ़। पैदल यात्रियों को खाटू धाम के लिए रवाना करते नवीन बंटी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


बहादुरगढ़। एसडीएम परमजीत चहल से मुलाकात करते वेटरन एयर वारियर्स। फोटो : हरिभूमि

# सैनिक रेस्ट हाउस का हैंडओवर करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वेटरन एयर वारियर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम परमजीत चहल से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। साथ ही नवनिर्मित सैनिक रेस्ट हाउस पूर्व सैनिकों को हैंडओवर करने तथा शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्मारक स्थल का जीर्णोद्धार करवाने की मांग रखी। विदित है कि करीब सवा साल पहले बनकर तैयार हुआ सैनिक विश्राम गृह औपचारिक हैंडओवर का इंतजार हर रहा है।

बता दें कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मार्च-2019 में बहादुरगढ़ की पुरानी तहसील के साथ लगती जमीन पर नया सैनिक रेस्ट हाऊस बनाने के लिए शिलान्यास किया था। बहादुरगढ़ में 647 लाख रुपए की लागत से तैयार सैनिक विश्राम गृह का उद्घाटन सितंबर 2022 में हो चुका है।

तीन मंजिला भवन के ग्राउंड फ्लोर पर पांच ऑफिसर रूम, प्रथम तल पर दो रूम एनसीओ फैमिली, दो रूम जेसीओ के लिए, एक ऑफिसर रूम और एक मीटिंग हाल, द्वितीय तल पर दो जेसीओ रूम, दो रूम ऑफिस, एक हॉल व एक स्टोर तथा तृतीय तल पर ममटी व मशीन रूम बनाया गया है, लेकिन अफसोस की बात है कि ना तो ये कमरे ही सैनिकों की सुविधा के लिए उपलब्ध हैं और ना ही इन हॉल में अब तक कोई मीटिंग ही हो पाई है। कारण इसका औपचारिक तौर पर हैंडओवर नहीं होना है। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अनुसार इसके निर्माण में कई कमियां हैं, इनके दूर होने पर ही हैंडओवर लिया जाएगा। जबकि पीडब्ल्यूडी के अनुसार हैंडओवर के लिए कई बार अनुरोध किया जा चुका है। वेटरन एयर वारियर्स एसोसिएशन के प्रधान विजय कालीरमण, एडवोकेट अशोक अहलावत, जोगेंद्र गुलिया, डीके पालीवाल, हेमराज सिंह, एसपी कौशिक आदि ने एसडीएम परमजीत चहल से मुलाकात कर इसका हैंडओवर करवाने की मांग की है।

### टैंपो की टक्कर में दो बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** मोटरसाइकिल से टांडाहेड़ी की ओर जा रहे ठेकेदार व श्रमिक को टेंपो ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश निवासी रामबाबू बहादुरगढ़ के विवेकानंद नगर में रहते हैं। पांचवीं तक पढ़े हुए रामबाबू करीब 10-15 साल से नीरज ठेकेदार के पास श्रमिक के रूप में काम करता है। वे दोनों बाइक से गांव टांडाहेड़ी की तरफ जा रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार टेंपो ने उनकी मोटर साइकिल में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को काफी चोट लग गई। दोनों को ईलाज के लिए ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।


झज्जर। प्राइमरी स्कूल में खेल-खेल में सीखते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: मो. 8295896500, 8814999003

DURGA SR. SEC. SCHOOL
MEHRANA (JHAJJAR)
REQUIREMENTS
WALK IN INTERVIEW
For Details Contact No.
Mr. Dayanand- 9813073523
Mr. Ashok Kumar- 9812320855

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट
जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
दिल्ली रोजाना मिलें 11 से 5 बजे तक रोहतक रोड, पिल्लर नं. 373 के सामने, नांगलोई
रोहतक दिल्ली रोड, निकट राज सिनेमा, बैसमेंट के अंदर। 10 से 8 बजे तक